r>
Title: Need for early completion of multi-purpose Bansagar Irrigation Project with a view to extend irrigation facilities to Rewa region.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): विन्ध्य की जीवनदायिनी बहुद्देशीय वाणसागर सिंचाई परियोजना का शिलान्यास तत्कालीन प्रधान मंत्री ने १९७७-७८ में किया था। तब अनुमान लगाया गया था कि यह परियोजना दस वर्षों के भीतर पूरी हो जाएगी। लेकिन आज २० वर्ष से ऊपर हो गए, लेकिन अभी तक परियोजना पूरी नहीं हुई। बांध का काम करीब-करीब पूरा हो गया है। कैनाल का कार्य अभी भी बाकी है। क्योटी कैनाल और पूर्वा कैनाल का काम बंद पड़ा है जबकि उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाली नहरों का काम प्रगति पर है। बरसात में तीन महीने बिजली निर्माण का काम भी होता है। केवल थोड़ी सी राशि के कारण इतनी बड़ी राशि जो खर्च की जा चुकी है, का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश को विद्युत उपलब्ध हो सकेगी।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अविलम्ब वाणसागर परियोजना को पूर्ण कराकर रीवा संभाग (विन्ध्य) जहां देश का सबसे कम सिंचाई का रकबा है, को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।